**पाठ 1६ लालू पीलू**

प्रश्न १ अगर लालू और पीलू को सफ़ेद और हरी चीज़ें पसंद होतीं तो क्या उनके नाम अलग-लग होते?

फिर वे क्या-क्या खाते?

उत्तर - इस कहानी में दोनों जो खाते थे उसी के कारण उनके यह नाम रखे गए हैं ,यदि वह दोनों सफ़ेद और हरी चीजे खाते तो उनके नाम फिर उसके हिसाब से रखे जाते . यह नाम उनकी खाने की आदतों के कारण ही रखे गए हैं। यदि उन्हें सफ़ेद और हरी चीजें पसंद होती तो लालू तब चावल, खील, साबूदाना आदि खाता और पीलू हरी सब्जियाँ, मूंगदाल, खीरा, घास, आदि खाता।

प्रश्न २ लाल मिर्च खाते ही लालू की जीभ जल गई। तुम्हारी जीभ क्या-क्या खाने-पीने से जलती है?

उत्तर - मेरी जीभ हरी मिर्च ,लाल मिर्च ,गर्म सब्जी ,गर्म दूध , और गरम रोटी खाने से जल जाती है।

प्रश्न ३ जीभ जलने पर तुम क्या करते हो?

उत्तर - जीभ जलने या मिर्ची लगने पर हम कुछ मीठा खाते हैं या ठंडा पानी पीते हैं इस से हमें बहुत आराम मिल जाता है।